## Observation by the Speaker

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, सदन मर्यादा से चलता है, गरिमा से चलता है । मैं कुछ दिनों से देख रहा हूं कि माननीय सदस्यगण सदन की गरिमा को तोड़ रहे हैं और सदन की नियम-प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं । सदन में स्पष्ट प्रक्रिया है और नियम संख्या 349 को आपको पढ़ना चाहिए । उसमें पालनीय नियम में सदन की मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए कैसा अनुरूप व्यवहार होना चाहिए, कैसा आचरण होना चाहिए, यह स्पष्ट लिखा है । अगर आप टी-शर्ट पहनकर यहां आएंगे, नारे लगाकर आएंगे, नारे लिखकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा । अगर आप टी-शर्ट उतारकर आएं तो सदन चलेगा । अगर आप कहते हैं कि हम टी-शर्ट पहनकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा । यह स्पष्ट है । सदन की कार्यवाही..

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप बाहर जाइए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सदन की कार्यवाही आज 12 बजे तक के लिए स्थगित?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सदन ऐसे नहीं चलेगा । सदन मर्यादा से चलेगा, प्रतिष्ठा से चलेगा । कोई भी बड़ा नेता हो, चाहे कोई भी लीडर हो, कोई भी सदन की मर्यादा और परम्पराओं का उल्लंघन करेगा तो चेयर के नाते सदन की मर्यादा, परंपरा बनाए रखना मेरी जिम्मेदारी है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं आपसे फिर आग्रह कर रहा हूं कि आप बाहर जाइए । क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

<image: image001.png>

<image: image002.png>